ये अव्यक्त इशारे

# जमा का खाता बढ़ाओ, बचत की स्कीम बनाओ

## 6-03-2023

मेरा-मेरा कहने से सब कुछ गँवाते आये, अब तेरा तेरा कहो तो जमा होता जायेगा। वास्तव में यहाँ खर्च करना भी जमा करना है, जितना खर्चा करते हो अर्थात् दूसरों को देते हो उतना पदमगुणा बनता है। एक देना और पदम लेना। एक सेकण्ड की शक्तिशाली याद भी पदमों की कमाई जमा करा देती है।

गुल्जार दादी जी द्वारा उच्चारित अनमोल रत्न-

माया भिन्न-भिन्न रूप में व्यर्थ लाती है, उस पर किस शक्ति से हम विजय पा सकते हैं, वो दोनों बातें अच्छी तरह से जानते तो हैं, परन्तु होता क्या है? उस समय वो याद ही नहीं आता है, समय पर शक्ति यूज़ करने नहीं आती है, इसके कारण बार-बार समस्यायें वा व्यर्थ संकल्प आते रहते हैं।